राजस्थान सरकार

स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर

जी–3, राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन्स फाटक, जयपुर–

Phone : 0141-2222469/2226754 Website : https:urban.rajasthan.gov.in/lsg, E-mail : ce.lsg@rajasthan.gov.in


क्रमांक : एफ.55( )अभि./सीई/डीएलबी/2022/सफाई/87874-88114 दिनांक : 12.10.2022

**आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी,**
**नगर निगम/परिषद/पालिका,**
**समस्त राजस्थान।**

**विषय : दीपावली के त्यौहार से पूर्व शहर की सड़कों की मरम्मत, विशेष सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक रोशनी व अग्निशमन वाहनों की व्यवस्था दुरूस्त करने बाबत।**

---

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आगामी दीपावली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये राज्य के समस्त नगर निकाय क्षेत्रों में निम्नानुसार आवश्यक कार्यवाही/व्यवस्थायें अतिशीघ्र दुरूस्त करवाना सुनिश्चित करावें :–

1. **सड़कों की मरम्मत/पेचवर्क/नवीनीकरण :**

   मानसून की बरसात के दौरान शहर की सड़कों पर गड्डे होने से वाहन चालकों को आवागमन में असुविधा होती है। वर्तमान में मानसून का दौर समाप्त हो चुका है। शहरी क्षेत्रों में स्थित समस्त सड़कों को दीपावली के त्यौहार से पूर्व विशेष अभियान चलाकर उनकी मरम्मत/पेचवर्क करवाकर दुरूस्त करने की कार्यवाही की जावे। जिससे आमजन को आवागमन में कोई कठिनाई उत्पन्न नहीं हो।

2. **शहर की सफाई व्यवस्था :**

   वर्तमान में नगरीय निकाय क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था संतोषप्रद नहीं है। शहरी क्षेत्र में घर–घर से ठोस अपशिष्ठ का संग्रहण व परिवहन दैनिक रूप से नहीं होता है। सड़कों पर कचरे के ढेर लगे हुये दिखाई देते हैं। अतः दीपावली के त्यौहार से पूर्व विशेष अभियान चलाकर सड़कों पर इकट्ठे कचरे को उठाया जावें एवं सड़कों व नालियों की विशेष सफाई करवाई जावे। साथ ही घरों से नियमित दैनिक रूप से ठोस अपशिष्ठ का संग्रहरण व परिवहन करवाना सुनिश्चित किया जावे। दीपावली से पूर्व शहर की सड़कों की विशेष सफाई, सौंदर्यकरण एवं रंगोली करवाई जावे।

3. **सार्वजनिक रोशनी एवं सौन्दर्यकरण कार्य :**

   विद्युत डिस्कॉम कम्पनियों के अभियताओं के साथ मिलकर सड़क किनारे बिजली के ढीले तारों को दुरूस्त करने एवं बिजली के खम्बों, सड़क किनारे डी.पी., केबल बॉक्स व स्वीच बॉक्स के आस–पास लूज तारों को हटाया जावे या उन्हें सही तरीके से व्यवस्थित किया जावे। स्वीच बॉक्स के टूटे हुये ढ़क्कनों की तुरन्त मरम्मत करवाई जावे। साथ ही




Scanned with CamScanner

डिस्कॉम कम्पनियों के अभियंताओं के साथ मिलकर ट्रांसफॉर्मर्स की सुरक्षात्मक दृष्टि से बेरिकेड़िंग/जाली लगाया जाना सुनिश्चित किया जावे। दीपावली के अवसर शहर की सड़कों पर स्ट्रीट लाईटों को दुरूस्त कर चालू किया जावे एवं शहर के विशेष स्थान – सरकारी भवनों व चौराहों पर विशेष रंगीन रोशनी की जावे।

4. अग्निशमन वाहनों की व्यवस्था :

दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी या बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने की सम्भावना रहती है। अतः त्यौहार के अवसर पर नगर निकायों की अग्निशमन वाहन व्यवस्था एवं उपकरणों को दुरूस्त रखा जावे एवं अग्निशमन कर्मचारियों को सतर्क रखते हुये, विशेष रूप से पाबंद किया जावे।

अतः उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये, की गई कार्यवाही से सम्बन्धित जिला कलेक्टर को अवगत कराते हुये, विभाग को E-mail : ce.lsg@rajasthan.gov.in पर अवगत करावें।

(हृदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांक : एफ.55( )अभि./सीई/डीएलबी/2022/सफाई/88115-399 दिनांक : 12.10.2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
3. संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान जयपुर।
5. प्रमुख शासन सचिव, ऊर्जा विभाग, राजस्थान जयपुर।
6. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर।
7. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त संयुक्त सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
8. महापौर/सभापति/अध्यक्ष, नगर निगम/परिषद/पालिका, समस्त राजस्थान।
9. सम्भागीय आयुक्त, समस्त।
10. जिला कलेक्टर्स, समस्त।
11. उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, समस्त राजस्थान।
12. समस्त अधिकारीगण, निदेशालय।
13. संयुक्त निदेशक (जन सम्पर्क), निदेशालय।
14. प्रोग्रामर, आई.टी. अनुभाग, निदेशालय।
15. सुरक्षित पत्रावली।

(अरूण व्यास)
मुख्य अभियन्ता



Scanned with CamScanner